## खबर संक्षेप

### एडवांस तकनीक से लैस होगा जीटी 7

**करनाल।** रियलमी ने अपनी नई जीटी 7 श्रृंखला को लॉन्च किया है, यह रियलमी का पहला सह-ब्रांडेड उपकरण है, जो स्टूडियो 1 के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है। इस फ़ोन में 7000 मिलीएम्पियर आवर की बैटरी, 120 वॉट तीव्र गति चार्जिंग और भारत में पहली बार प्रस्तुत किया गया मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई प्रोसेसर दिया गया है, जिसमें कॉर्टेक्स-एक्स4 कोर और इम्मॉर्टालिस-जी720 एमसी12 ग्राफिक प्रोसेसर शामिल हैं। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, "जीटी 7 श्रृंखला वर्ष 2025 की प्रमुख श्रेणी की चुनौती बनकर उभरेगी, जिसमें शक्ति, बुद्धिमत्ता और उत्कृष्ट शिल्पकौशल का बेहतरीन संयोजन है।" अनुज सिद्धार्थ, निदेशक, विपणन तथा कंपनी संप्रेषण, मीडियाटेक इंडिया, ने कहा, "डायमेंसिटी 9400ई के साथ यह भागीदारी भारत में तकनीकी नवाचार और मूल्य-आधारित दृष्टिकोण को दर्शाती है। जीटी 7 ऐसा पहला स्मार्टफोन है जिसे टीयूवी राइनलैंड द्वारा पाँच सितारा बैटरी प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

### कैम्पेन साथी के अंतर्गत 27 से लगेंगे शिविर

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ इरम हसन ने बताया की जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कैम्पेन साथी के अंतर्गत असहाय बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाएंगे। कैम्पेन साथी के अंतर्गत जिला स्तर पर एक यूनिट बनाई गई है जिसमे सीजेएम, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, बाल संरक्षण यूनिट के साथ चार पैनल अधिवक्ता व चार पैरा लिगल वालंटियर भी शामिल है।

### सावधान रहें, ठगी के शिकार न बनें : वैशाली

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने आमजन को जागरूक करने के लिए बताया कि साईबर अपराधियों द्वारा फोन करके शहरवासियों से सीवरेज व जलापूर्ति के बिल की राशि जमा करने की मांग की जा रही है। नागरिकों को सम्पर्क नम्बर 9242029307 या अन्य किसी नम्बर से फोन कर बिल की राशि व बार कोड वाले बिल की मांग की जा रही है। यह फोन नगर निगम द्वारा नहीं किए जा रहे हैं। निगम की टीम द्वारा घर-घर जाकर बिल बांटे जाते हैं या एसएमएस से सम्बंधित बिल की राशि भेजी जाती है।

# योग से बनेगा स्वस्थ और नशा मुक्त समाज: नगराधीश मोनिका



**करनाल।** नगराधीश मोनिका ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग आत्म दर्शन की उत्कृष्ट साधना है और इसे विधि, अवधि, निरंतरता तथा एकाग्रता के साथ करने से इसका पूर्ण लाभ मिलता है। नगराधीश शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के प्रांगण में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों, योग साधकों व आमजन को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर नगराधीश ने उपस्थित जनों को योग युक्त व नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया और सभी को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। नगराधीश मोनिका ने कहा कि दैनिक जीवन की चुनौतियों से पार पाने के लिए शरीर को स्वस्थ रखना आवश्यक है और इसके लिए योग से जुड़ना जरूरी है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि किसी भी प्राणायाम का अभ्यास लगातार पांच से सात मिनट तक करने पर ही उसका शरीर के अंगों पर प्रभाव पड़ना शुरू होता है। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। शिविर में योग शिक्षक डॉ. अमित पुंज व योग सहायक अनुराग और कुमारी गुंजन ने योग के सभी आसनों का अभ्यास करवाया और फिर कपालभाति तथा अनुलोम-विलोम करवाकर उसके लाभ भी बताए। उन्होंने कहा कि शरीर के 8 चक्र हैं, जिन पर सारा सिस्टम आधारित है। इस अवसर पर आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व योग शिक्षकों का धन्यवाद किया। इस मौके पर जिला करनाल रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह, सचिव आरटीए विजय देसवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद, आयुष विभाग से करनाल ब्लॉक इंचार्ज डॉ. नितिन रोहिला, नरेश कुमार फार्मासिस्ट, डॉ. मनप्रीत, डॉ. अंजना, डॉ. चांद एवं समस्त करनाल के आयुष योग सहायक सहित सचिवालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### घरौंडा : योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आयोजित

**घरौंडा।** 11वे अंतरराष्ट्रीय योग को दिवस को लेकर घरौंडा के वीर सावरकर पार्क में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर तीन दिवसीय शिविर के दूसरे दिन जिसमे बहुत अधिक लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिसमे घरौंडा ब्लॉक के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे उनके साथ पार्क में मौजूद आम जन भी शामिल हुए ये प्रशिक्षण 12 जुन से 14 जून तक सुबह 6 बजे से 7 बजे तक चलेगा। आयुष विभाग से डॉक्टर धर्मवीर ने बताया की प्रशिक्षण शिविर के बाद घरौंडा ब्लाक के हर ग्राम में योग जागरण रैली का भी आयोजन किया जायेगा। डॉक्टर विनोद गुप्ता आयुष विभाग से उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बाद 11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रीर्सल 20 जून को सुबह 07:00 बजे से 08:00 बजे तक नई अनाज मंडी घरौंडा में की जाएगी और मुख्य कार्यक्रम 11वे अंतर्ष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम 21 जून सुबह 06:00 बजे से 08:00 बजे तक एस डी एम महोदय घरौंडा कि अध्यक्षता में किया जाएगा। डॉक्टर विनोद गुप्ता ने बताया आज के समय में सुबह कि सैर आपके बीपी, सांस कि समस्या व मोटापे जैसे अनेको बीमारियों का निवारण योग व सैर के द्वारा कियाजा सकता है इस मोके पर आयुष विभाग करनाल से योग सहायक राजिंद्र, प्रियंका, अनुराधा, विपीन, अजय, मुन्ना शास्त्री, सोनिया योग इंस्ट्रक्टर आयुश विभाग करनाल अशोक, गुरदीप राजेश शर्मा, सुभाष, आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं ने गर्मी से राहत प्रदान करने वाली योग क्रियाओं का अभ्यास किया



**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा की महिला सहभागिता एवं सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की महिला एवं बाल कल्याण उप समिति की अध्यक्ष सुजाता गुप्ता की ओर से लगाए जा रहे निशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन महिलाओं ने गर्मी से राहत प्रदान करने वाली योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योग विशेषज्ञ मोहित राणा ने योगाभ्यास करवाते हुए इसके लाभ बताए। उन्होंने कहा कि योग का लाभ हमें तभी मिलता है जब दृढ़ संकल्प और सकारात्मक विचारों के साथ अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी रोगों से मुक्ति के लिए योग सर्वोत्तम साधन है। योग करें निरोग रहें। गर्मी में राहत प्रदान करने वाली योग क्रियाओं का अभ्यास बारीकी से करवाया। बता दें कि यह चार दिवसीय योग शिविर असमी योगा एंड वेलनेस स्टूडियो मॉल रोड में लगाया जा रहा है। इसमें 52 महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। शिविर में भारत विकास परिषद माधव शाखा, संस्कृति क्लब, सीजीसी व करनाल क्लब से जुड़ी महिलाएं भाग ले रही हैं।

## डीजीपी ने मधुबन में राज्य स्तरीय कल्याण सभा में की घोषणा

# खेल प्रतिभाओं को निखारेंगे अवार्डी खिलाड़ी

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूलों को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में हरियाणा पुलिस की राज्य स्तरीय कल्याण सभा को संबोधित करते हुए डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर।

बी स्तरीय कल्याण सभा का आयोजन हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के हर्षवर्धन सभागार में किया गया। यह कल्याण सभा शत्रुजीत कपूर, पुलिस महानिदेशक हरियाणा की अध्यक्षता में हुई। इस कल्याण सभा में मंच के माध्यम से बिन्दुवार रिर्पोट एआइजी वैलफेयर मोहित हाण्डा द्वारा प्रस्तुत की गई। कपूर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल भी डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूलों की पहल जैसी ही है। इस पहल से हमें विभिन्न खेलों के प्रतिभावान खिलाडी मिल सकते हैं। इस बिन्दु को भी सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इनके प्रशिक्षण में हम हरियाणा पुलिस के विभिन्न खेलों में अवार्डी खिलाड़ी द्वारा प्रशिक्षण दिला सकेंगे। डीजीपी कपूर ने शिक्षा के महत्व की ओर संकेत करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस में कई वर्षों पहले हरियाणा पुलिस ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूलों की पहल की गई थी जिसका उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों के बच्चों को सस्ती व अच्छी शिक्षा महैया कराना था जो आज पूरी तरह से सफल हो चुकी है। प्रदेश की विभिन्न इकाइयों में 22 डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सफलतापर्वूक चल रहे हैं जिसमें पुलिस कर्मचारियों के बच्चे ही नहीं बल्कि नागरिकों के बच्चों सहित लगभग 24 हजार से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के बच्चों की शिक्षा व छात्रवृति के बारे में अब विदेश में शिक्षा ग्रहण करने वाले पुलिसकर्मियों के मेधावी बच्चों को भी पुलिस कल्याण कोष से छात्रवृति प्रदान की जा रही है। कल्याण सभा में ड्यूटी पर शहीद होने वाले जवान के अन्तिम संस्कार व क्रिया पर होने वाला खर्च को कल्याण कोष से देने का सुझाव दिया गया था जिसे सर्वसम्मति से अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकार कर लिया गया। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक हरियाणा सशस्त्र पुलिस मधुबन करनाल की ओर से बिन्दु प्राप्त हुआ कि जिन पुलिस कर्मचारियों के बच्चों में जन्म से खेल प्रतिभा विद्यमान है उनकी प्रतिभा का उभारने के लिए खेल गुणवता प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के अवसर प्रदान किए जाए। डीजीपी कपूर ने पुलिस कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा, दुर्घटना में मृतक पुलिस कर्मचारियों के लिए राशि, पुलिस कर्मचारियों के बच्चों के लिए कौशल प्रशिक्षण, पदोन्नति व पुलिस कर्मचारियों को अपने निजी आवास के लोन की सुविधा उपलब्ध कराने तथा मधुबन परिसर व पंचकुला में नए आवासीय भवन बनाने आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की। सैनिकों के कल्याण से सम्बन्धित सर फिल्लीप चैटवुड द्वारा लिखी गई कुछ पंक्तियों को विशेषरूप से डिस्पले स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया कि 'आपके देश की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण हमेशा और हर बार सर्वप्रथम है, फिर है आपके सैनिक का सम्मान, कल्याण और सुविधा, आपकी अपनी सुविधा, आराम और सुरक्षा हमेशा और हर बार आखिर में आते हैं।'

### कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे मौजूद

इस कल्याण सभा में हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, सोनीपत की पुलिस आयुक्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ममता सिंह , अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशासन एवं आधुनिकीकरण अमिताभ सिंह ढिल्लों, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था एवं अपराध संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तचर विभाग सौरभ सिंह व प्रदेश पुलिस की विभिन्न ईकाइयों के प्रतिनिधि अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कल्याण सभा में हिसार रेंज के एडीजीपी के के राव, गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त एडीजीपी विकास अरोड़ा, एडीजीपी टैलीकॉम, ट्रैफिक एण्ड हाईवे एडीजीपी हरदीप सिंह दून, पंचकुला के पुलिस आयुक्त सिबाश कबिराज, झज्जर की पुलिस आयुक्त डॅ राजश्री सिंह, रोहतक रेंज के आइजी वाई पूरन कुमार, आइजीपी कानून एवं व्यवस्था राकेश कुमार आर्य, आईजी आईआरबी भौण्डसी बी सतीश बालान, आइजी साऊथ रेंज रेवाड़ी अशोक कुमार, आईजी एचएपी ओ पी नरवाल, आईजी अम्बाला रेंज पंकज नैन, अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रदेश पुलिस की विभिन्न ईकाइयों के प्रतिनिधि अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

## न्यूज डायरी

### जिन बूथों पर 1200 से ज्यादा मतदाता होंगे, वहां नए बूथ बनाए जाएंगे: एसडीएम अनुभव मेहता

करनाल। एसडीएम अनुभव मेहता के अनुसार प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण एक जनवरी 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर किया जाएगा। इसके अलावा जहां-जहां जरूरत होगी वहां नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के बाद उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता होंगे वहां नए बूथ बनाए जाएंगे। रेशनेलाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन बूथों के लिए बीएलओ की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से तारीख व समय निर्धारित कर राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि सभी बीएलओ को सीईओ हरियाणा और ईसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट को ज्वाइन करने के निर्देश दिए जाएंगे। 2 जुलाई को दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित की जाने वाली ट्रेनिंग में इस जिला से भी बीएलओ भेजे जाएंगे। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना करते हुए पेंडिंग बिलों को जल्द से जल्द क्लियर किया जाएगा।

### हर व्यक्ति जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं, एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लें



**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने करनाल वासियों से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लें और कम से कम जीवन में एक पेड़ जरूर लगाएं। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। ऐसे में आगे बढ़कर इस अभियान में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि मानवता के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। अगर देश का प्रत्येक व्यक्ति 'वृक्षों को बचाओ, पौधों को लगाओ' की पहल करे तो हमारे देश में प्राकृतिक परिवर्तन देखने को जरूर मिलेगा। क्योंकि वृक्ष ही हैं, जो बारिश को धरती पर लाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, ये वृक्ष प्रत्येक व्यक्ति को, प्राण वायु देने में भी सहायक होते हैं। एक व्यक्ति जितनी आक्सीजन एक साल में लेता है, उसकी कीमत लाखों में है लेकिन पेड़ यही आक्सीजन हमें मुफ्त में देते हैं। इसीलिये हम, उन्ही पेड़ पौधों को बढ़ाने और बचाने की कोशिश करें ।

### मुस्तफाबाद गांव के रकबे को लेकर धरना जारी किसानों के जत्थे ने नारेबाजी कर समर्थन दिया



**करनाल।** धरना स्थल पर भोजन ग्रहण करते आंदोलनकारी किसान।

करनाल। मुस्तफाबाद गांव के रकबे में अपनी मांगो को लेकर चलाया जा रहा धरना शुक्रवार को 10 वें दिन में प्रवेश कर गया है। किसान दिनरात धरने पर डटे हुए है। धरने की अध्यक्षता युवा किसान नेता देवेंद्र सागवान ने की। गांव शेखुपुरा के किसानों के जत्थे ने नारेबाजी करते हुए अपना समर्थन दिया। भारतीय किसान यूनियन(भाकियू) से जुडे किसानों ने कहा कि अभी भी प्रशासनिक अधिकारी किसानों की काश्त भूमि को मैसर्ज मेक्स माईनिंग कंपनी के हवाले करने के प्रयास कर रहे है। किसान कई बार जिला प्रशासन को अपनी जमीन को बचाने के लिए अपनी फरियाद कर चुके है। आंदोलित किसानों का कहना है कि गत 9 जून को करनाल में किसानों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर प्रदर्शन करके मंख्यमंत्री नायाब सैनी के नाम एसडीएम अनुभव मेहता को ज्ञापन सौंपा गया था। कई दिन बीत जाने के बाद भी किसानों की समस्या का समाधान नही किया जा रहा है। इस अवसर पर किसान चांदबीर बदरान, गुरनाम सागवान, बबलू सोहाना, कविंद्र बदरान, जोगिंद्र, प्रकाश देशवाल, वेद प्रकाश, महाबीर, राम सिंह, दिनेश, राजु मुस्ताबाद सहित कई किसान मौजूद थे।

### जनसगठनों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला, ज्ञापन सौंपकर लगाई न्याय की गुहार

**करनाल।** जनसगठनों का प्रतिनिधिमंडल जगपाल राणा पर दर्ज झूठी एफआईआर रद करवाने के लिए पुलिस अधीक्षक से मिला। पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। एसपी ने प्रतिनीधिमंडल को आशवास दिया कि



जगपाल राणा के केस में पुलिस ने डीवीआर जब्त कर ली है और जाच के लिए फोरैसिंक लैब में भेज दी है। रिपोर्ट आने के बाद जगपाल राणा के केस मे उचित कार्रवाई की जाएगी। जगपाल राणा व उसके परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इससे पहले फव्वारा पार्क में आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील, ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, वन मजदूर, रिटायर कर्मचारी, सर्वकर्मचारी संघ, जनवादी महिला समिति, दलित अधिकार मंच, अखिल भारतीत खेत मजदुर यूनियन, किसान सभा ने सभा की। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई। थाना सदर पुलिस करनाल ने सीटू जिला सचिव जगपाल राणा व उसके परिवार पर संगीन धाराएं लगाकर एक तरफा कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि जगपाल राणा व उसके परिवार के खिलाफ झूठा मुकदमा रद्द किया जाए। थाना सदर के आईओ हरवीश कुमार व थाना सदर के एसएचओ को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए। मौके पर सेवा राम, सुशील गुज्जर,सतपाल सैनी, कामरेड शीशपाल, जगमाल सिंह, अमरपाल, जगपाल राणा, ओम प्रकाश सिहमार, उधमसिह राठी, बलराज, सुरेन्दर रावत, धीरज रावत, रूपा राणा, सुरेश, रूपा राणा, बिजनेश राणा, सुखविंद्र कौर, मनोज कुमार, नीरू, सुदेश, ममता, रेखा,राजबीर, कली राम, मदन कलरा व पार्वती ने संबोधित किया।

### करनाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए, पहले चरण की प्रक्रिया पूरी

करनाल। करनाल में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के पहले चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों ने पिछले चार दिनों में विधानसभा वाइज मीटिंग कर नेताओं और कार्यकर्ताओं की रायशुमारी ली। सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत बातचीत भी की। शहरी जिला अध्यक्ष और ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए अलग-अलग आवेदन फार्म वितरित किए गए। पर्यवेक्षकों ने जिला प्रधान बनने के इच्छुक नेताओं से व्यक्तिगत बातचीत भी की। भुवन कापड़ी विधायक, केंद्रीय पर्यवेक्षक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश पर्यवेक्षक हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कैलाशो सैनी, मंगतराम लालवास और आजाद मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें शहरी जिला अध्यक्ष के लिए 15 और ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए 46 आवेदन मिले हैं। संगठन सृजन अभियान के दूसरे चरण की प्रक्रिया के लिए सभी पर्यवेक्षक 22 जून के बाद करनाल आएंगे।

## करनाल में विवाहिता ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर दी जान

- मायका पक्ष का आरोप–पति करता था टॉर्चर, पुलिस ने कहा सुसाइड का मामला
- पति से झगड़े के बाद घर में लटकी मिली लाश, बहन ने लगाया हत्या का आरोप

**करनाल।** शेखपुरा पुलिया कॉलोनी में विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। मृतका के ससुराल पक्ष का कहना है कि सुबह सबकुछ नॉर्मल था, लेकिन दोपहर में घर के भीतर फंदा लगा लिया। वहीं मायका पक्ष का आरोप है कि पति शराब का आदी था और आए दिन पीटता था। मृतका की बहन ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या बताया है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 30 वर्षीय रजनी के रूप में हुई है। शादी के बाद दोनों करनाल के शेखपुरा पुलिया के पास रहने लगे थे। रजनी के दो बच्चे हैं, जिनमें एक 14 साल की बेटी और 10 साल का बेटा है। परिवार में कुल पांच सदस्य रहते थे। मृतका की सास ने बताया कि बुधवार रात को रजनी और पति राजू के बीच झगड़ा हुआ था, वीरवार सुबह माहौल सामान्य था। रजनी ने सुबह का खाना बनाया और पति को खाना दिया। पति काम पर चला गया। सास खुद भी अपने काम पर निकल गई। दोपहर करीब 11 बजे आसपास के लोगों ने फोन कर बताया कि रजनी ने फंदा लगा लिया है। जब तक वे घर पहुंचे, तब तक उसे नीचे उतारा जा चुका था।

### कांग्रेस के शासनकाल में था भ्रष्टाचार का बोलबाला: लाठर



**करनाल।** भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रमुखजनों के साथ बैठक हुई । इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बीते 11 वर्षों में आए ऐतिहासिक और सकारात्मक परिवर्तनों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद सबसे पहले देश को दीमक की तरह खा रहे भ्रष्टाचार पर प्रहार किया गया। जहां पहले घोटाले ही सरकारों की पहचान बन गए थे, वहीं आज पारदर्शिता और जवाबदेही भाजपा की पहचान है उन्होंने कहा कि कांग्रेसी शासन काल में देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। जहां पहले पद खरीदने की बातें आम थी 3 लाख में हेड कांस्टेबल बनना कोई मुश्किल नहीं था।लेकिन अब हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बिना पर्ची बिना खर्ची" के नीति से अब वहीं अब मेहनत करने वाले युवा जैसे उच्च पदों तक पहुंच रहे हैं। इस मौके पर बलवन्त सिंह खोखर जिला सह संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अतिरिक्त सूरजभान, शमशेरकल्याण, विरेन्द्र, रमेश, देवेन्द्र, धर्मेन्द्र ,गौरव ,डॉ शमशेर ,समर सिंह, मोहिन्द्र पाल, सूरज भान, जगमाल सिंह,कं वरभान लाठर, विनोद बांवरा , अरूण खन्ना, रमेश चन्द,बलकार सिंह एवं,सतपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### इंद्री में सप्लाई में आ रहा गंदा पानी

**इंद्री।** इंद्री मे पीने के पानी की सप्लाई मे गंदा पानी आने के कारण लोगों मे रोष पनपता जा रहा है । जन स्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी द्वारा शहर में सप्लाई जाने वाला पानी इतना गंदा है कि उसे पीना बीमारियों को न्योता देने जैसा है। पानी में आ रही रेत और मिट्टी की मात्रा इतनी ज्यादा है कि घरों में रखी पानी की टंकियों में भी रेत और मिट्टी जमा हो गई है। कस्बा वासी मनोज, सुखविंदर , मानसू, राजेश ,अनिल ,राजू ,सुरेंद्र, विशाल, सुनील व पवन आदि का कहना कि कस्बे मे पिछले कई दिनों से पीने के पानी की सप्लाई मे गंदा पानी आ रहा है। लोगो ने बताया कि एक ओर तो सरकार द्वारा अमृत 0.2 अभियान चलाया जा रहा है ताकि हर घर तक पीने के लिए स्वच्छ जल पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि जन स्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी द्वारा इंद्री के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के प्रांगण मे करीब 13 लाख से ट्यूबवेल लगवाया गया था जोकि स्वच्छ जल देने बजाए विभाग व कस्बा वासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है । उक्त ट्यूबवेल दिसंबर 2024 मे चालू किया गया था लेकिन चलते उसमे से गंदा पानी आने लगा जिसके बाद विभाग ने उसको बंद कर दिया लेकिन करीब 15 दिन पहले गर्मी बढ़ने से व शहर मे पानी की आपूर्ति ज्यादा होने के कारण उसे दोबारा से ठीक करवा कर चालू किया गया लेकिन फिर वही समस्या बन गई जिस कारण गंदा पानी आने लगा। इस मामले में विभाग के कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि लगभग डेढ़ साल पहले इंद्री का ट्यूबवेल नंबर एक खराब हो गया था। विभाग द्वारा खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में दूसरा ट्यूबवेल लगवा कर दिसंबर 2024 में चालू किया गया था ।



इंद्री। पीने के पानी की सप्लाई में आया गंदा पानी दिखाता दुकानदार ।

### एसडीओ के खिलाफ दिया धरना



**करनाल।** ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन करनाल की मेरठ रोड सब यूनिट ने उपमंडल अधिकारी मेरठ रोड की तानाशाही के खिलाफ सेक्टर छह कार्यालय में दूसरे दिन भी दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया। धरने की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुरेंद्र कंबोज ने की और संचालन सचिव प्रदीप कुमार ने किया। धरने को मुख्य रूप से राज्य उप महासचिव राजेंद्र राणा, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी व जोगिंदर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगे काफी टाइम से लंबित हैं, लेकिन एसडीओ कोई काम नहीं कर रहा है। मौके पर सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, उप प्रधान संजीव कुमार, कैशियर जोगिंदर सिंह, दीपक, मोहन शर्मा, सुशील, राजेंद्र कल्याण, पवन कुमार ,सुनील कुमार, नरेंद्र शर्मा ,प्रवीण तिवारी, सतीश कुमार,सुमित धनखड़ , अशोक आदि मौजूद रहे।

### योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

इंद्री। आयुष विभाग के डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में पतंजलि योगपीठ के सदस्य, आयुष योग सहायक, पीटीआई व डीपीई द्वारा बच्चों, महिलाओं, नागरिकों तथा प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का देश और दुनिया में एक विशेष महत्व है। योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी धर्मपाल आर्य ने कपालभाती, नाड़ी शोधन, भ्रामरी व प्राणायाम का अभ्यास करवाया।



इंद्री। शिविर में योग करते योग साधक ।

किसानों के बीच पहुंचे जाने माने वैज्ञानिक

## बुवाई का सही समय, बीज की गहराई और पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- संस्थान के 44 वैज्ञानिकों ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में भाग लिया

भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने संस्थान के नोडल अधिकारी तथा प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार खिप्पल, के साथ किसानों और वैज्ञानिकों को प्रेरित करने के लिए राज्य के कई जिलों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस संस्थान के 44 वैज्ञानिकों ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में भाग लिया।

उन्होंने धान की सीधी बीजाई के लिए कृषि प्रथाओं के व्यापक पैकेज के बारे में किसानों को जागरूक किया, जिसमें बुवाई का सही समय, बीज की गहराई और पोषक तत्व प्रबंधन शामिल थे। फसलों की उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने के लिए गन्ने की फसल के साथ अंतः फसली प्रथाओं के समग्र पैकेज की जानकारी दी गई। किसानों को धान की यांत्रिक रोपाई, रोपाई से पहले धान के बीज एवं पौध उपचार के तरीके व लाभ के प्रति जागरूक किया गया।

शाकनाशी-सहिष्णु बासमती धान की नवीनतम किस्में पीबी 1979 एवं पीबी 1985 के बारे में जागरूक किया गया। ब्लास्ट् एवं ब्लाइट प्रतिरोधी धान किस्में पीबी 1847 एवं पीबी 1885 आदि को बढ़ावा देने की बात कही गई। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नाइट्रोजन आधारित उर्वरकों, विशेष रूप से यूरिया का अत्यधिक उपयोग, धान में ब्यूटाक्लोर एवं प्रीटिलाक्लोर जैसे पुराने रासायनिकों के प्रति शाकनाशी प्रतिरोध का उद्भव, धान में बाकानी (झंडा) रोग के प्रति प्रभावी प्रबंधन की रणनीतियों की आवश्यकता, धान की सीधी बीजाई (डीएसआर) में बीजों का कम अंकुरण एवं खरपतवारों का उच्च दबाव आदि प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई। वैज्ञानिकों से किसानों की मांग थी कि धान, गेहूँ एवं अन्स प्रमुख फसलों की अधिक उपज देने वाली, और समय पर बुवाई करने के लिए कम अवधि वाली धान की किस्मों की उपलब्धता, प्राकृतिक और जैविक खेती प्रणालियों के लिए उपयुक्त उच्च उपज देने वाली धान, मक्का एवं सब्जियों की किस्मों की उपलब्धता के साथ-साथ प्रभावी खरपतवार प्रबंधन के लिए फसलों में शाकनाशी प्रतिरोधी किस्में आदि विषय पर अनुसंधान कार्य किए जाएं।

## स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। गांव रैहतखाना में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते खंड समन्वयक ब्रहमजीत ।

इंद्री के गांव रैहतखाना में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता एवं अपने आसपास साफ सफाई रखने पर विशेष ध्यान देने के प्रति जागरूक किया गया । स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण खंड समन्वयक ब्रह्मजीत ने स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने में मातृशक्ति के साथ-साथ हम सभी का दायित्व बनता है और ग्रामीण क्षेत्र से गंदगी खत्म करना ही स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य है। स्वच्छता अभियान लोगों का अपना अभियान है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। लगभग 80 प्रतिशत बीमारियां गंदगी के कारण होती है। गंदगी के कारण हैजा, उल्टी, दस्त, पीलिया, बुखार, हैपेटाइटिस जैसी बीमारियां पैदा होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी अभियान तब तक सफल नहीं होगा जब तक उसमें आम जनता की भागीदारी न हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान बहुत महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत गंदगी पॉलीथिन के प्रयोग से फैलती है। इस मौके पर ग्राम सचिव अमित कुमार, कृपाल सिंह, सूरजभान, रामेश्वर, किरण बाला सहित ग्रामीण उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### विवाहिता हुई लापता केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव डाहर निवासी विवाहिता संदिग्ध हालात में अपने सुसराल वाले घर से लापता हो गई। पति जब काम से घर लौटा तो पत्नी को घर में नहीं पाया। पति के अनुसार, उनकी पत्नी मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल करती थी। इस बात को लेकर कई बार पति ने समझाने की कोशिश की और परिवार में भी विवाद हुआ। लेकिन पत्नी ने मोबाइल का इस्तेमाल कम नहीं किया। पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### बिजली निगम का ट्रांसफॉर्मर चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव भाऊपुर में से चोरों ने बिजली का ट्रांसफॉर्मर चोरी कर लिया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना इसराना पुलिस व बिजली निगम के अधिकारियों ने इस मामले की जांच की। बिजली निगम के जेई संदीप सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों ने बिजली की चालू लाइन से ट्रांसफॉर्मर चुरा लिया। ट्रांसफॉर्मर की कीमत करीब 62 हजार रुपये है। जेई संदीप की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कट्टे व कारतूस समेत पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चौटाला रोड स्थित रिसालू डाडौला मोड़ पर यूपी के शामली जिला के गांव तितरवाडा निवासी वसीम उर्फ तोतू पुत्र आयूब को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि वसीम के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### स्काई लार्क रेस्टोरेंट में कांग्रेसियों की बैठक आज

**पानीपत।** हरियाणा कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार को पार्टी पर्यवेक्षक चक्रवर्ती शर्मा एवं कंवरजीत सिंह प्रिंस के नेतृत्व में स्काई लार्क रेस्टोरेंट में कांग्रेसियों की बैठक होगी। बैठक में पानीपत जिला अध्यक्ष पद हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के फार्म जमा किए जाएंगे। युवा कांग्रेस के पूर्व हरियाणा अध्यक्ष संजय छौक्कर ने उपरोक्त जानकारी दी।

### बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई

**समालखा।** शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन में शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति एवं ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा चार दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिन कैंप में शामिल बच्चों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। जिसमें मिट्टी से बनाई गई आकृतियां व पेपर फोल्डिंग व ओरिगामी की कलाकृतियां तथा मुखौटे प्रदर्शित किए। कैंप में वादन के रिसोर्स पर्सन चौ.रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद के असिस्टेंट प्रो. मशहूर सितार वादक रामदिया ने बच्चों को गायन व वादन की विधा से परिचित कराते हुए कहा की संगीत प्रकृति के कण-कण में मौजूद है।

### सेवा का दूसरा नाम है भाजपा

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनके निवारण के निर्देश दिए। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों ने शिक्षा मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं, शिकायतें व सुझाव रखे, जिन पर ढांडा ने गंभीरता से विचार कर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ढांडा ने कहा कि जनता की सेव करना ही भाजपा का प्रथम उद्देश्य है।

### रक्तदान कैंप आज

**पानीपत।** जन सेवा दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा के नेतृत्व में विश्व रक्तदाता दिवस पर आर्य कॉलेज में लगाए जाने वाले कैंप को लेकर बैठक हुई। मनंचदा ने बताया कि कैंप का आयोजन आर्य कालेज में होगा और शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विशिष्ठ अतिथि शहरी विधायक प्रमोद विज, सीएमओ डा.विजय मलिक करेंगे।

---

गांव उग्राखेड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया

# मानवता के हित में हर नागरिक को पौधे रोपने चाहिए : ढांडा

- ढांडा ने गांव उग्राखेडी के लिए अपने निजी कोष से चार लाख रूपये की ग्रांट मंजूर की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत के गांव उग्राखेडी में पौधे रोपते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा आदि। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शुक्रवार को जिले के गांव उग्राखेड़ी में संकल्प से सिद्धि की और व सफाई अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया व साफ सफाई कर लोगों को नियमित रूप से सफाई करने का संदेश दिया। शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि साफ सफाई हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए। इसमें हमें किसी भी प्रकार की कौताही नहीं बरतनी चाहिये। गांव के विकास को लेकर राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। हर गांव का समांतर रूप से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कई अन्य स्थानों पर भी पौधरोपण किया। मानवता हित में हर नागरिक पौधे रोपे। उन्होंने कार्यक्रम में बच्चों के साथ संवाद भी किया। प्रशासनिक अधिकारियों और ग्राम पंचायत द्वारा गांव में पहुंचने पर मंत्री का बुके देकर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। मंत्री ने गांव की साफ सफाई की प्रशंसा की व गांव के सफाई कर्मचारियों और वरिष्ठ नागरिकों के कार्य को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया। मंत्री ढांडा ने गांव उग्राखेडी के लिए अपने निजी कोष से चार लाख रुपये की ग्रांट मंजूर की। इसमें एक लाख रूपये की राशि क्रिकेट पिच बनाने, एक लाख रुपये की राशि स्टेडियम एसोसिएशन द्वारा मेटेनेंस करने और दो लाख रुपये की राशि वरिष्ठ सिटीजन क्लब को विकासात्मक कार्यों पर खर्च करने की घोषणा की। एडीसी डॉ. पंकज ने कहा कि जितनी ज्यादा संख्या में हम पौधरोपण करेंगे उतना ही हमें इसका लाभ मिलेगा। हमें फलदार व छायादार पौधों को लेकर एक-एक पौधा अपनी मां व धरती मां के नाम पर लगाना चाहिए।

---


**पानीपत।** डेरा बाबा जोध सचियार में पंजाबी भाषा का ज्ञान देने वाली अध्यापिकाएं, कमेटी पदाधिकारी व बच्चें। *फोटो : हरिभूमि*

# डेरा बाबा जोध सचियार में बच्चों को दिए जा रहे हैं संस्कारी

- कमेटी के सदस्यों ने अध्यापिकाओं व बच्चों को बाबाजी का आशीर्वाद देकर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

डेरा बाबा जोध सचियार में पिछले कई वर्षों से पंजाबी भाषा सिखाने के साथ-साथ अच्छे संस्कारों की शिक्षा दी जा रही है। कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के महासचिव मदन मोहन भयाना ने बताया कि तेज गति से बदलते समाज में बच्चों में अच्छे संस्कारों की कमी नजर आ रही है। बच्चे अपने माता पिता के साथ बड़ों का आदर सम्मान करें इसलिये कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार पिछले कई वर्षों से बच्चों को पंजाबी भाषा के ज्ञान के साथ अच्छे संस्कारों की शिक्षा भी दी जा रही है। मदन मोहन ने बताया कि डेरे पर सभी अध्यापिकाएं सरबजीत कौर, ज्योति व ममता अरोड़ा बच्चों को निःस्वार्थ व सेवा भाव से भाषा का ज्ञान दे रही है। इसके साथ डेरे पर मुफ्त होम्योपैथिक डिस्पेंसरी व जरूरतमंद लड़कियों को मुफ्त में सिलाई सिखाई जा रही है। महासचिव मदन मोहन भयाना के साथ कमेटी के सदस्यों ने अध्यापिकाओं व बच्चों को बाबाजी का आशीर्वाद देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जसपाल भयाना, कमल भयाना, वेद बठला, यशपाल ग्रोवर व राकेश भयाना, अध्यापिका सरबजीत कौर, ज्योति व ममता अरोड़ा मौजूद थे।

### हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लाई के आरोपी गांव मुंडेट जिला शामली हाल निवासी चरथावल जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश निवासी खुशनूद को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि खुशनूद ने यूपी के मुजफ्फरनगर जिला के कयामपुर गांव निवासी सादिक को दो अवैध देसी पिस्तौल बेचे थे। वहीं, इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### गांव छाजपुर में चुनाव 15 को

**पानीपत।** पानपत के गांव छाजपुर खुर्द के वार्ड दो में पंच का उप चुनाव 15 जून को होगा। यह जानकारी देते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सनौली खुर्द के सहायक पवन शर्मा ने बताया कि उक्त वार्ड के पंच कुलदीप को उस पर दर्ज पुलिस केस के चलते उसे उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया द्वारा निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद यहां पर उप चुनाव की घोषणा कर दी गई थी।

---

*विद्यार्थियों को गीता का ज्ञान दिया जाएगा*

# श्री कृष्ण कृपा धाम में जियो गीता बाल संस्कार समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


**पानीपत।** श्री कृष्ण कृपा धाम में हवाई जहाज हादसे में दिवंगत हुए यात्रियों की आत्मा की शांति को प्रार्थना करते हुए समाजसेवीगण। *फोटो : हरिभूमि*

पानीपत के सुखदेव नगर स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद के आह्वान पर श्री कृष्ण कृपा जियो गीता सेवा समिति महिला मंडल की देखरेख में ग्रीष्मावकाश के दौरान दो दिवसीय जियो गीता बाल संस्कार समर कैंप का शुभारंभ हुआ। गर्मियों के इस कैंप में विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के सार को समझाया जाएगा। प्रश्न-उत्तर व अन्य प्रतियोगिताओं द्वारा विद्यार्थियों को गीता का ज्ञान दिया जाएगा। वहीं 225 विद्यार्थियों से अधिक ने इस गीता समर कैंप में भाग लिया। वहीं कैंप के दौरान विद्यार्थियों को ब्रेन जिम, मानसिक व्यायाम आदि के महत्व के बारे में सिखाया जा रहा है। वहीं कैम्प के दौरान अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत पुण्य आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, मंदिर प्रमुख विपिन सरदाना, सचिव सुनील ग्रोवर एवं मीडिया प्रमुख कंवर रविंद्र सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

*कैंप प्रतिभागियों के लिए महत्वपूर्ण अनुभव था*

# बेटियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग जरूरी : सुधीर

- ताइक्वांडो में अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा


**पानीपत।** यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस अकादमी में मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अथितिगण। *फोटो : हरिभूमि*

यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस अकादमी द्वारा ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स सेल्फ डिफेंस का चार दिवसीय ताइक्वांडो कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रतिभागियों ने ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों को सीखा और अभ्यास किया। यह कैंप प्रतिभागियों के लिए महत्वपूर्ण अनुभव था और उन्हें ताइक्वांडो में अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिला। कैंप में अलग अलग मार्शल आर्ट्स के निपुण मास्टर आए और उन्होंने अपनी कला से निपुण गुर खिलाडियों को सिखाए। जिसमें एडवांस तकनीक ताइक्वांडो ट्रेनिंग और लड़कियों के लिए अपनी आत्म रक्षा के गुर सिखाया गया और ओलिंपिक ताइक्वांडो सेंसर गार्ड पर पॉइन्ट केसे लिया जाता है उन बारीकियों को समझाया गया। बच्चों ने खूब जमकर मेहनत की। वहीं, अकादमी इंचार्ज सागर ने सभी उपस्थित गणों विधायक मनमोहन भडाना के मामा सुधीर सरदाना, ऑफिस से विवेक त्रिपाठी, प्रभ नूर, भूपेंद्र, गौरव, कोमल, मनप्रीत सिंह, भव्य शर्मा प्रिंसपल डीएवी स्कूल, मीनाक्षी, बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया।

---


**पानीपत।** मां बाला सुंदरी सेवा मंडल अतिथियों को सम्मानित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

# अयोध्या धाम में पूजन को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**पानीपत।** मां बाला सुंदरी सेवा मंडल द्वारा भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या धाम दर्शनों के लिए तीन दिवसीय एक बस को डेरा बाबा जोध सचियार से रवाना की गई। इस बस को न्यू इंडियन ट्रैवल के मालिक व समाजसेवी जयदीप दुहन व नीरज बजाज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। नीरज बजाज ने कहा कि मां बाला सुंदरी सेवा मंडल लगातार भक्तों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराता रहता है और आज प्रभु श्री राम की नगरी के दर्शन करवाने जा रहा है यह बहुत ही नेक कार्य है। वहीं समिति के अध्यक्ष संजय गर्ग ने अतिथियों का पगड़ी व पटका पहनाकर व श्री श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय गर्ग, मैनपाल, सुरेंद्र , महेंद्र सिंह, अंकुर सिंगल, नवीन, कर्मवीर व जगमोहन आदि मौजूद रहे।

---

- संस्था के सदस्यों ने मिलकर पानी की सेवा की

# होप फार यू संस्था ने जनता को मीठा पानी पिलाया


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के गेट पर जनता को मीझ पानी पिलाते हुए होप फार यू संस्था के स्वयं सेवी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

होप फार यू संस्था के तत्वाधान में एसडी कालेज के बाहर राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील लगाई। जिसमें संस्था के सदस्यों ने मिलकर पानी की सेवा की। संस्था प्रधान दीपक मित्तल ने कहा कि दूसरों की मदद करना एक नेकी है जो धर्म की स्थापना में भी मदद करता है। जिसका मुख्य उद्देश्य है सेवा परमो धर्म अथार्त सेवा ही परम धर्म है। इसके अंतर्गत गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता करना, पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना तथा बेसहारा पशु-पक्षियों की देखभाल करने आदि के कार्य किये जाते हैं। दीपक मित्तल ने कहा कि यदि आप पैसे वाले हैं और गरीबों की मदद करते हैं तो निश्चिय ही गरीबों के लिए आप भगवान हैं और आपकी मदद से उन्हें लगता है कि ऐसे भी इंसान इस धरती पर हैं जो सच के साथ हैं। यदि भगवान ने हमें सक्षम बनाया है तो हमें निस्वार्थ भाव से उनकी मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर शशि मोहन, वंदना गुप्ता, दीपक मित्तल, विकास शर्मा, साहब सिंह, संजय वर्मा, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

---


**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय में समाधान कैंप को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारीगण। **फोटो :हरिभूमि**

# समस्याओं के समाधान में पानीपत रहा अव्वल

- कम से कम समय में समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

हरियाणा सरकार में आयुक्त एवं सचिव विजय कुमार दहिया ने शुक्रवार को समाधान शिविर में आ रही जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का निदान करने को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया समेत सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। आयुक्त एवं सचिव विजय ने डीसी डॉ. दहिया से कहा कि जनता समाधान शिविर अब व्यवस्था का हिस्सा बन चुका है व यह पूरी तरह से स्थापित हो चुका है। पानीपत में आयोजित हो रहे समाधान शिविर की तत्काल समस्याओं के निदान की तारिफ की व उसके परिणामों को बेहतर बताया। जिस गति से पानीपत में समाधान शिविर में पहुंचने वाली समस्याओं का समाधान हो रहा है अन्य जिलों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। समस्याओं के समाधान में पानीपत अव्वल बन चुका। कम से कम समय में समस्याओं का निदान करने के भी उन्होंने निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वे जनता समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि जनता में समाधान शिविर के प्रति और प्रगाढ़ और विश्वास कायम हो सके। बैठक में निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने आयुक्त सचिव को आश्वासन दिलाया की पूरा प्रशासन समाधान शिविर में आने वाली जनसमस्याओं के निदान को लेकर हमेशा से गंभीर रहा है व इस पर कार्य भी किया जा रहा है। निगम अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि अधिकारियों की मेहनत और लगन के कारण ही यह सब संभव हो पाया है।

---

शोक | ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें

# पीसीसी एकेडमी में हवाई दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


**पानीपत।** पीसीसी एकेडमी में हवाई दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए राजीव परूथी व विद्यार्थीगण। **फोटो : हरिभूमि**

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित पीसीसी एकेडमी एन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंग्लिश में वीरवार को हुए विमान हादसे में दिवंगत हुए विमान यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा कि हादसे में काल का ग्रास बने लोगों को ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और घायल यात्रियों को जल्द से जल्द स्वस्थ कर उनके परिजनों के पास भेजे। उन्होंने कहा कि भगवान, हादसे में दिवंगत हुए यात्रियों के परिजनों को इस असहनीय दुख सहने की क्षमता प्रदान करें। एकेडमी के विद्यार्थियों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। अंजलि, सिमरन, पलक, हिमांशु, ट्विंकल, मन्नत, गौरभ, नीशू, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

---


**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव बड़ौली के टीचर्स आदि प्लेन क्रैश में दिवंगत हुए यात्रियों को श्रद्धांजलि देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# प्लेन क्रैश के दिवंगतों को रंगोली बना कर श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक और उनकी टीम द्वारा अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे में दिवंगत हुए लोगों को रंगोली के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य ओम सिंह राणा ने बताया कि वीरवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान क्रैश हादसे ने देश में शोक की लहर मचा दी। राणा ने बताया कि ये विमान हादसा वाकई बड़ा दुख दायक है जिसमें क्रू सदस्यों सहित यात्री मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली के ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक और उनकी ललित कला विभाग की टीम ने विमान हादसे के मृतकों को रंगोली बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। अपने कलात्मक भाव से मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई हैं। इस अवसर पर प्राचार्य ओम सिंह, प्रदीप मलिक, उमेद सिंह डीपीई, सुनील कुमार, बलविंद्र सिंह, मनीष कुमार, सतीश कुमार मौजूद रहे।

---

# विद्यार्थियों को अपने बच्चों की तरह शिक्षित करें टीचर्स : कुंडू



**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिवाह में पांच दिवसीय एफएलएन कार्यशाला के समापन अवसर पर पानीपत जिला समग्र शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू ने सभी टीचर्स को सर्टिफिकेट दिए और टीचर्स को ट्रेनिंग में दी गई नई तकनीकों को कक्षाओं में लागू करने के लिए प्रेरित किया। टीचर्स विद्यार्थियों को अपने बच्चों की तरह शिक्षित करें। नीलम कुंडू ने बताया कि एफएलएन के माध्यम से नए आयामों को शिक्षक एवं नन्हें शिक्षार्थी हैं। प्राचार्य सुरेन्द्र कादियान ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होती हैं। बीईओ विक्रम सहरावत ने बताया कि आत्म प्ररेणा तथा नवाचार के लिए नवीन कौशलों का ज्ञान आवश्यक है। पांच दिवसीय कार्यशाला के दौरान पानीपत ब्लाक में 244 शिक्षकों को एफएलएन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर अनिल मलिक, पानीपत डीओसी हरिओम, अंजलि, पिंकी, सीमा रानी, तुलिका, प्रवीण सैनी, कीर्ति सैनी, आरती, भावना, संदीप, मोनिका, विमल, राजेश कुमार, विक्रम, रजनी, मुकेश, रमेश आदि मौजूद रहे।

